वर्ष- 02 अंक-११८
छपरा
18 मार्च,मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

राज्यसभाः

## मतदाता सूची में हेराफेरी, परिसीमन पर चर्चा की मांग खारिज, विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** विपक्ष दलों ने मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर सोमवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा किया। बाद में आसन की ओर से इन मुद्दों पर कार्यस्थगन नियम के तहत चर्चा कराए जाने की मांग खारिज किए जाने के बाद विपक्ष ने विरोध में उच्च सदन से वॉकआउट किया। सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही आरंभ होने पर उपसभापति हरिवंश ने बताया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) क्रमांक के दोहराव, लोकसभा सीटों के परिसीमन से दक्षिण के राज्यों पर पड़ने वाले प्रभाव सहित कुछ अन्य मुद्दों पर तत्काल चर्चा कराने के लिए नियम 267 के तहत 10 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए।



इसके बाद कांग्रेस, तृणमूल और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही उपसभापति ने शून्यकाल आरंभ किया। हंगामे के बीच ही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के ईरण्ण कराडी ने स्वास्थ्य क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई। इसके बाद जनता दल (यूनाईटेड) के संजय झा ने मखाना के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग की। झा अभी यह मुद्दा उठा ही रहे थे कि विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव, मौसम नूर सहित कुछ अन्य सदस्यों ने डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र जारी करने में निवार्चन आयोग की कथित चूक पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे जबकि डीएमके के पी विल्सन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वी शिवदासान ने दक्षिणी राज्यों में प्रस्तावित परिसीमन के बारे में चिंताओं पर चर्चा की मांग करते हुए नोटिस दिए थे।

### सोनिया गांधी, ममता बनर्जी ने मेरा हालचाल पूछा, उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- भावुक हूं



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया। बीते दिनों बीमार होने के बाद सोमवार से ही राज्यसभा सभापति सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कई नेताओं ने उनके स्वास्थ्य का हालचाल पूछा था। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि वे सांसदों की इस चिंता से भावुक महसूस कर रहे हैं।

**नेता सदन और नेता विपक्ष ने सबसे पहले पूछा हाल :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन के नेता (जेपी नड्डा) और नेता विपक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) ने सबसे पहले मेरे परिवार से बात करके मेरे स्वास्थ्य के बारे में पूछा। सोनिया गांधी ने भी मेरी पत्नी से बात की और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, जिनमें पश्चिम बंगाल की सीएम भी शामिल हैं, ने भी मेरे स्वास्थ्य का हालचाल पूछा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, जो राज्यसभा के सभापति भी हैं, उन्हें बीती 9 मार्च को सीने में दर्द की शिकायत के बाद नई दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था। 12 मार्च को उपराष्ट्रपति को अस्पताल से छुट्टी मिली और वे सोमवार को इस संसद सत्र में पहली बार सदन पहुंचे और उन्होंने सदन की कार्यवाही का संचालन किया। इस दौरान उन्होंने सदन के सदस्यों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेता अस्पताल भी आए और कई अन्य प्रतिबंध के चलते उनसे मिलने नहीं आ सके।

## हर मोड़ पर धोखा दिया, पाकिस्तान पर पीएम मोदी का बड़ा हमला

### कहा- आतंक का केंद्र बन गया है पाक

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि उसे सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा। अमेरिका के मशहूर पॉडकास्ट होस्ट लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे लंबे पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर बात करने के साथ ही अपने कूटनीतिक सोच को भी बेहिचक विश्व के सामने रखा।



खास तौर पर भारत-चीन के रिश्तों पर पीएम मोदी के शब्द शांति-सुलह के संदेश की बड़ी लकीर खींचते दिखाई दिए। दोनों देशों के गहरे सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि परिवार की तरह ही मतभेद भी होते हैं। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि ये मतभेद विवाद में न बदल जाएं।

**चीन के साथ बेहतर रिश्तों की उम्मीद:** साथ ही कहा कि 21वीं सदी एशिया की सदी है। भारत और चीन के बीच अच्छे संबंध न केवल लाभदायक हैं, बल्कि वैश्विक स्थिरता और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीति से जुड़े प्रश्नों पर खुलकर बात करते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच संबंधों को संभालने में संवाद ही प्राथमिक दृष्टिकोण है।

जब प्रश्न पाकिस्तान का आया तो प्रधानमंत्री मोदी ने कड़वे अनुभव साझा करते हुए सख्त रुख दिखाया। कहा कि दुनिया को अब इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि आतंक की जड़ें कहां हैं। पाकिस्तान आतंक का केंद्र बन गया है, जिससे न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया को भारी पीड़ा हो रही है।

**पाकिस्तान पर साधा निशाना-** लाहौर की अपनी यात्रा से लेकर अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को आमंत्रित करने तक का उल्लेख करते हुए बोले कि सुलह के हर प्रयास का नकारात्मक परिणाम मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के लोग हिंसा और भय से मुक्त भविष्य के हकदार हैं। पाकिस्तान अपनी गलतियों से सीखे और सही रास्ता चुने। पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी दोस्ती पर भी बात की। कहा कि ट्रंप का अमेरिका फर्स्ट दृष्टिकोण उनके अपने राष्ट्र प्रथम और भारत प्रथम के दर्शन से मेल खाता है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 8.47 करोड़ रुपए का सोना पकड़ाया



**मुंबई,एजेंसी।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने 10 किलो सोना जब्त किया है। इसकी मार्केट वैल्यू 8.47 करोड़ रुपए है। एयरपोर्ट के तीन निजी स्टाफ को गिरफ्तार किया गया है। एयरपोर्ट स्टाफ अपने अंडर गारमेंट्स में ये सोना छिपाकर एयरपोर्ट से बाहर ले जाना चाहते थे। कस्टम विभाग ने 13 से 15 मार्च के बीच ये जब्तियां की हैं। सोमवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी गई।

### कर्नाटक के सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण

#### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले- विधानसभा के अंदर से बाहर तक विरोध करेंगे



**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक के सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले के खिलाफ भाजपा आज विरोध प्रदर्शन करेगी। राज्य सरकार ने 7 मार्च को पेश बजट में इसकी घोषणा की थी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 14 मार्च को कैबिनेट मीटिंग में कर्नाटक ट्रांसपेरेंसी इन पब्लिक प्रोक्योर्मेंट एक्ट में बदलाव का प्रस्ताव रखा, जिसे मंजूर कर लिया गया।

एक्ट में बदलाव का बिल मौजूदा बजट सेशन में लाया जाएगा। विधानसभा से पारित होने के बाद कर्नाटक के सरकारी टेंडर में मुस्लिमों को 4प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा।

राज्य भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने रविवार को कहा- यह असंवैधानिक है। यह फैसला विभिन्न धर्मों के बीच दरार पैदा करने की साजिश है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री इसमें शामिल हैं। कर्नाटक भाजपा विधानसभा के अंदर और बाहर दोनों जगह विरोध प्रदर्शन करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि हर धर्म के साथ न्याय हो।

महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ाई गई

## बजरंग दल और वीएचपी ने हटाने की मांग की है; कांग्रेस बोली- ये राज्य में अशांति चाहते हैं

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (पहले औरंगाबाद) में स्थित औरंगजेब की कब्र हटाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (VHP) ने महाराष्ट्र सरकार से इसे जल्द हटाने की मांग की है। विवाद के बीच कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

विश्व हिंदू परिषद (ङ्क॥क्क) महाराष्ट्र और गोवा के क्षेत्रीय मंत्री गोविंद शेंडे ने औरंगजेब की कब्र को गुलामी का प्रतीक बताया। उन्होंने सोमवार को कहा- 17 मार्च यानी आज शिवाजी महाराज की जयंती है। आज हम महाराष्ट्र में प्रदर्शन और छत्रपति संभाजीनगर की तरफ मार्च करेंगे।

शेंडे ने कहा- औरंगजेब ने



छत्रपति संभाजी महाराज को मारने से पहले 40 दिनों तक यातना दी थी। ऐसे क्रूर शासक का निशान क्यों रहना चाहिए।

**हिंदू संगठन महाराष्ट्र भर में प्रदर्शन कर रहे :** औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर सोमवार को महाराष्ट्र भर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (ङ्क॥क्क) की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान मुगल आक्रांताओं के पुतले भी जलाए जा रहे हैं।

**टी राजा ने भी कब्र हटाने की मांग की :** तेलंगाना के गोशामहल से भाजपा विधायक हिन्दूवादी नेता टी राजा सिंह ने भी कब्र हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा- मैं VHP और बजरंग दल की मांग का समर्थन करता हूं।

इससे पहले टी राजा सिंह ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को 15 मार्च को लिट्ठी लिखी थी। उन्होंने छत्रपति संभाजी नगर जिले में स्थित मुगल सम्राट औरंगजेब के मकबरे के रखरखाव पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा आवंटित खर्च का विवरण मांगा है।

उन्होंने कहा- आखिर हिंदू राजाओं की हत्या, मंदिरों को तोड़ने वाले और हमारी संस्कृति का दमन करने वाले औरंगजेब के मकबरे पर सरकारी खर्च का क्या औचित्य है? करदाताओं का एक भी रुपया उस तानाशाह की कब्र के रखरखाव पर खर्च नहीं किया जाना चाहिए, जिसने हमारे पूर्वजों को बहुत पीड़ा दी। इसे फौरन रोकना चाहिए।

### संजय राउत बोले

ये मराठाओं के शौर्य की स्मारक शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कब्र विवाद को लेकर भाजपा नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- औरंगजेब की कब्र मराठाओं की एक शौर्य का स्मारक है। यह आने वाले पीढ़ी को बताएगा कि किस तरह से शिवाजी महाराज और मराठा सैनिक आक्रांताओं से लड़ते रहे।

## उन्होंने खुद तमिल लेटर इस्तेमाल किया था, रुपया विवाद को लेकर वित्त मंत्री पर स्टालिन ने साधा निशाना



**चेन्नई,एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को कहा कि 2025-26 के बजट में भारतीय रुपये के प्रतीक को तमिल अक्षर रु से बदलना द्रमुक की भाषा नीति के प्रति दृढ़ता को दर्शाता है।

बजट का लोगो जारी करते हुए उन्होंने भाजपा पर अप्रत्यक्ष निशाना साधा और कहा कि जो लोग तमिल को पसंद नहीं करते, उन्होंने इसे बड़ी खबर बना दिया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा कि वह रुपये के प्रतीक पर प्रतिक्रिया दे सकती हैं, लेकिन तमिलनाडु की धनराशि की मांग पर नहीं।

हिंदी थोपने का लगाया आरोप

उन्होंने कहा कि हमने रु का उपयोग किया ताकि यह दिखा सकें कि हम भाषा नीति में कितने दृढ़ हैं। तमिलनाडु सरकार द्वारा रुपये के प्रतीक को रु से बदलने पर विवाद खड़ा हो गया, जिस पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई।

स्टालिन ने कहा कि सीतारमण ने भी कई पोस्ट में रु शब्द का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी में भी तो रुपये को आरएस लिखा जाता है। द्रमुक ने भाजपा-नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से हिंदी थोपने का आरोप लगाया है।

तमिलनाडु सरकार ने अपनी दो-भाषा नीति, तमिल और अंग्रेजी को बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई है। स्टालिन की टिप्पणी निर्मला सीतारमण के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्टालिन अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं। बता दें कि तमिलनाडु सरकार ने अपने बजट के दौरान रुपये के सिंबल की जगह तमिल लेटर का इस्तेमाल किया था।

## आरजी कर मामले की जांच नए सिरे से कराने की मांग निरस्त, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर केस मामले की जुड़ी एक याचिका को निरस्त कर दिया है। दरअसल यह याचिका पीड़िता के परिजनों ने लगाई थी, जिसमें आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले की जांच सीबीआई द्वारा फिर से कराए जाने की मांग की गई थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सीजेआई संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता कलकत्ता हाईकोर्ट में अपनी याचिका लगा सकते हैं। पीड़िता के परिजनों की तरफ से वरिष्ठ वकील करुणा नंदी अदालत में पेश हुईं। वहीं सीबीआई की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। **कैग की नियुक्ति की मौजूदा प्रक्रिया को चुनौती, केंद्र से जवाब तलब:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा, जिसमें भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की नियुक्ति केवल कार्यपालिका और प्रधानमंत्री की ओर से करने के मौजूदा चलन को संविधान का उल्लंघन घोषित किए जाने का अनुरोध किया गया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा दायर जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया और उसे इसी मुद्दे पर लंबित मामले के साथ संलग्न कर दिया।

## चुराचांदपुर में हमार जनजाति के नेता पर हमले के बाद तनाव; विष्णुपुर जिले में हथियार और गोला-बारूद जब्त

**इंफाल/चुराचांदपुर,एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिला मुख्यालय शहर में अज्ञात बदमाशों ने हमार जनजाति के नेता पर हमला कर दिया। इसके एक दिन बाद सोमवार को इलाके में तनाव बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने अपराधियों की पहचान की मांग कर पुलिस से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। एहतियात के तौर पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत पूरे जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी। इस बीच विष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद जब्त किए। पुलिस ने बताया कि उयोक जंगल के आसपास से सुरक्षा बलों ने रविवार को 5.56 एमएम इंसास राइफल, नौ एमएम की दो कार्बाइन मशीन गन, .303 'मोडिफाइड स्नाइपर', एक एसबीबीएल बंदूक, एक पिस्तौल, चार हथगोले और कारतूस जब्त



किए गए।

### आदेश में क्या कहा गया?

आदेश में कहा गया है, चुराचांदपुर के पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मिली है, जिसके मुताबिक, जिले में कानून और व्यवस्था के उल्लंघन की गंभीर आशंका है, जिससे विभिन्न समुदायों के बीच शांति और सौहार्द भंग हो सकता है और जान-माल को नुकसान हो सकता है।

**कानून और व्यवस्था बनाए रखने की कवायद-** कानून और व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए आदेश में अनधिकृत जुलूस या पांच या अधिक व्यक्तियों के गैरकानूनी जमावड़े पर रोक लगाई गई है। आदेश के जरिए हथियार या ऐसे उपकरण ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है, जिनका इस्तेमाल हथियार के रूप में किया जा सकता है, जिसमें लाठी, रॉड और पत्थर शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एक आतंकी ढेर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा के साथ सटे खुरमोरा राजवार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया और कुछ आतंकी घेराबंदी तोड़कर भागने में कामयाब रहे। भाग निकले आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। एक सैनिक के घायल होने की सूचना है।

अधिकारियों ने यहां बताया कि सुरक्षाबलों ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षाबलों पर गोलीबारी करने के बाद तलाशी अभियान मुठभेड़ में बदल गया। सुबह से जारी मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है उसके पास से एक असॉल्ट राइफल भी मिली है।

अमृतसर में मंदिर पर ग्रेनेड फेंकने वालों से मुठभेड़

## एक हमलावर ढेर, दूसरा फरार; पुलिस पार्टी को देख किया फायर

**अमृतसर,एजेंसी।** पंजाब के अमृतसर में मंदिर पर हैंड-ग्रेनेड फेंकने वालों में से एक को पुलिस ने ढेर कर दिया है। आज सोमवार सुबह पुलिस और हमलावरों के बीच हुई मुठभेड़ हुई। जिसमें आरोपी गुरसिदक उर्फ सिदकी मारा गया, जबकि उसका साथी विशाल उर्फ चुई फरार हो गया। पुलिस को मिली विशेष जानकारी के आधार पर सीआईए और छेहर्टा पुलिस की टीमों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया था, जिसके दौरान यह मुठभेड़ हुई। एसएचओ छेहर्टा को अपराध में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने उसकी जांच शुरू की।

पूछताछ में गुरसिदक और विशाल के नाम सामने आए। पुलिस को सूचना मिली कि ये दोनों आरोपी राजासांसी इलाके में घूम रहे हैं।



इसके बाद पुलिस की टीमें गठित कर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया।

**पुलिस को देख किया फायर :** सुबह के समय जब पुलिस ने आरोपियों की मोटरसाइकिल को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने मोटरसाइकिल छोड़कर पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस फायरिंग में कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह के बाएं हाथ पर गोली लगी, जबकि एक गोली इंस्पेक्टर अमोलक सिंह की पगड़ी पर और एक पुलिस वाहन पर भी लगी।

### अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

घायल गुरसिदक और कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान गुरसिदक की मौत हो गई। पुलिस अब इस मामले में पाकिस्तान और आईएसआई से आरोपियों के संभावित संबंधों की भी जांच कर रही है। फिलहाल, फरार आरोपी विशाल की तलाश जारी है और पुलिस उसे पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है।

# जयंती समारोह : दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन

## कवि सम्मेलन में देर संध्या तक लगते रहें ठहाके, खूब झूमे लोग

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर( सारण )।** पूर्वी धून के सम्राट पंडित महेंद्र मिश्र की 160वीं जयंती पर बिहार सरकार के कला संस्कृति और युवा विभाग द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन में रविवार को देश के कोने-कोने से पधारे नामचीन कवियों की कविताओं पर देर संध्या तक ठहाके लगते रहे ।भोजपुरी के चर्चित कवि बादशाह प्रेमी ने अपना परिचय दिया कि नाम बादशाह बा बांसवरी मे घर बा कविता से लोगो को गुदगुदाया, वहीँ आलसी और गंजेरियन शराबियन के दोनो हाथ जोड़ के राम-राम करता हूं,पतल पर पूरी ऊपर भात बा,सब्जी के नीचे सलाद छटपटात बा सहित आधा दर्जन कविताओं को सुना कर सभी को खूब हंसाया कवियत्रि सोनी सुगंधा ने अपनी माई के भाषा दोहराई जा सबे है, भोजपुरिया में बोली बतिआई जा सबे प्रस्तुत कर सबमे भोजपुरी प्रेम उभारी। ममता मणी ने पलटते ही पासा बदल जाला दुनिया फलक के आगे फिसल जाला दुनिया प्रस्तुत किया। स्थानीय कवि व पत्रकार तीर्थराज शर्मा ने अपनी कविता मे कहा कि प्रेम के बात जवन मन मे उजबुजात रहे, मन के गठरी मे अब कठुआईल रह ग ईल पर खूब तालिया बजी। कवि शैलेंद्र साधु ने उहे पिपरा के छांह जहां बसत रहे गांव दूर-दूरे रहे गांव मिश्रवलिया में प्रस्तुत कर सबकी खूब तालियां बटोरी ।इसके पहले संसद सिग्रीवाल व विधान पार्षद सच्चिदानंद राय, एस डी एम लक्ष्मण तिवारी व अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया ।कार्यक्रम में कामेश्वर सिंह,संजय कुमार,शैलेंद्र शैल, अविनाश,दिवाकर उपाध्याय, वीरेंद्र मिश्रा अभय, प्रजन पराग,तीर्थराज शर्मा, प्रो सुरेश मिश्रा, स्थानीय कवि सत्येंद्र दूरदर्शी ने अपनी कविताओं से लोगों को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया।




# मशरक में बाइक सवार युवकों ने महिला को धक्का दे सोने की चेन छीनी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मठिया गांव में दरवाजे पर खड़ी महिला से बाइक सवार दो युवकों के द्वारा धक्का दे सोने का चेन छीननें का मामला सामने आया।? पीड़ित मठिया गांव निवासी बेदामी देवी पति स्व शिववचन शर्मा ने बताया कि वह सोमवार की सुबह 10 बजें के लगभग दरवाजे पर खड़ी थी कि उसी दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और पता पूछने के दौरान धक्का मार गले का सोने का चेन छीन फरार हो गए। मामले में थाना पुलिस को आवेदन दिया गया पुलिस जांच में जुटी है।

की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि माँझी के जेई हरिकृष्ण शरण के संरक्षण में उपकेन्द्र में अपराधियों व शराब तस्करों का जमावड़ा हो रहा है जिससे केन्द्र से सटे कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं भी सशंकित एवम भयाक्रांत रहती हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि दो फ्रेंचाइजी संचालक अपने गुर्गों के सहारे गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों के साथ बदसलूकी करते हैं जिससे सभ्य समाज में विभाग के प्रति अविश्वास एवम घृणा का माहौल उतपन्न हो गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि ऊर्जा मंत्री तथा सारण के डीएम को भी भेज दी गई हैं। अधीक्षण अभियंता ने मामले को गम्भीर बताते हुए इसकी त्वरित जाँच कर विभागीय स्तर पर कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

बताते चलें कि पिछले दिनों उपभोक्ताओं की शिकायत पर सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने विभाग के वरीय पदाधिकारियों को फोन कर कड़ी फटकार लगाई थी तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इस बीच माँझी के पूर्व जिला पार्षद पंकज सिंह तथा जन सुराज के नेता द्वय उदय शंकर सिंह एवम मुन्ना सिंह भवानी ने मामले को गम्भीर बताते हुए दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है तथा ऐसा नही किये जाने की स्थिति में विद्युत कर्मियों के खिलाफ बृहद आंदोलन की चेतावनी दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई।मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली बैठक में दिये गए निर्देशों के अनुपालन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिये उपलब्ध कराई गई सभी भूमि पर कार्य प्रारंभ करने का निदेश कार्यकारी विभाग भवन प्रमण्डल एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। कुछ जगहों पर छोटी मोटी स्थानीय समस्या के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को इन मामलों का त्वरित निदान कराकर कार्य को शुरू कराने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से जून 2025 तक सभी पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

उद्योग विभाग से संबंधित पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंचायत स्तर पर ऑनलाइन प्राप्त सभी आवेदनों को विधिवत अगले स्टेज पर अग्रसारित कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।बकाया बिजली बिल के त्वरित भुगतान हेतु सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से पंचायतीराज विभाग, पीएचईडी, नगर विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के पास अधिक बकाया राशि है। इन सभी विभागों को प्राथमिकता से बिल का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिये पीएम सूर्यघर योजना एवं कुसुम श्री योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। पीएम सूर्यघर योजना के तहत रूफटॉप सोलर पैनल के अधिष्ठापन में सरकार द्वारा 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली के बड़े घरेलू उपभोक्ताओं को चिन्हित कर उनसे व्यक्तिगत संपर्क कर इस योजना के तहत आवेदन कराएं। उन्हें प्रेरित कर इस योजना से आच्छादित करें। पीएचईडी को नलजल योजना के क्रियाशीलता की नियमित जाँच की रिपोर्टिंग कंट्रोल रूम के माध्यम से सुनिश्चित करने को कहा गया। चापाकल मरम्मती दल के कार्यों की भी दैनिक मोनिटरिंग नियंत्रण कक्ष के माध्यम से सुनिश्चित करने को कहा गया।ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत चिन्हित नये संपर्क पथों के निर्माण हेतु जमीन की मापी रिपोर्ट प्राथमिकता से जमा करने का निदेश सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को दिया गया।सांख्यिकी विभाग को सभी जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।किसी भी सरकारी जमीन पर अगर कहीं भी अवैध जमाबंदी चल रही है तो इसके रद्दीकरण हेतु प्रस्ताव भेजने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। जिला परिषद की जमीन पर कायम अवैध जमाबंदी को भी रद्द करने हेतु प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। मतदाता सूची के सतत अद्यतीकरण को लेकर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को रैंडम रूप से गृह भ्रमण कर सत्यापन करने को कहा गया। बीएलओ के मानदेय का भुगतान सुनिश्चित कराने का निदेश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित अधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दाखिल करने को कहा गया।बैठक में अपर समाहर्त्ता, बंदोबस्त पदाधिकारी, नगर आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

# छेड़खानी का विरोध करने पर भाला मार किया जख्मी, रेफर

## तेरह लोग आरोपित, एहतियातन पुलिस कर रहीं हैं गांव में कैंप

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव में छेड़खानी का विरोध करने पर उत्पन्न विवाद में हमलावरों ने दो लोगों को भाला मार गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। जख्मी व्यक्तियों में शैलेश सिंह और कृष्णा सिंह को लोगों ने देर शाम रविवार को मढ़ौरा रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां पर गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया। मामले की खबर लगते ही गांव के लोग काफी संख्या में अस्पताल में पहुंचे और भीड़ जमा हो गई। लोग मामला जान काफी आक्रोशित थे, पुलिस ने मौके पर पहुंच लोगों को शांत कराया। वहीं एहतियातन पुलिस गांव में अभी भी कैंप कर रही है। जबकी हमलावर घर छोड़ फरार बताए जा रहे हैं। उक्त मामले में जख्मी व सूचक शैलेश के के फर्द बयां पर पुलिस ने कांड दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में बताया गया है कि छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपितों ने समूह में भाला आदि से लैस होकर आए और जानलेवा हमला का जख्मी कर दिया। आरोपितों में मढ़ौरा प्रखंड राजद के अध्यक्ष उपेंद्र मांझी, मनोज मांझी, बिट्टू मांझी, अर्जुन मांझी, करण, नीरज, अरुण समेत तेरह लोग शामिल बताएं जा रहे हैं।

# गायत्री दिव्य शक्तियों की जननी है, उनमें कितनी शक्तियां समाई हुई हैं: धर्मेंद्र जी महराज



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत जैतिया नेहाल नाथ मंदिर स्थित 9 कुंडली गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन शांतिकुंज हरिद्वार केप्रवचनकर्ता धर्मेंद्र जी महाराज के नेतृत्व में सोमवार की सुबह 6:00 सामूहिक जप ध्यान, प्रज्ञा योग,व्यायाम जबकि 8:00 बजे से 11:00 बजे तक देव पूजन,गायत्री महायज्ञ जप, हवन वही संध्याकालीन 6:00 से 9:00 तक युग संगीत एवं प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रवचनकर्ता धर्मेंद्र जी महाराज ने विधि विधान के साथ यज्ञ मंडप परिक्रमा में यज्ञ यजमान में सारंगधार प्रसाद सिंह, समरजीत सिंह,सुमन कुमार सिंह,बैजनाथ सिंह,रणवीर सिंह,अशोक सिंह, जज सिंह,रविंदर मिश्रा, रामेश्वर पांडे, संतोष कुमार सिंह, प्रजापति किरण, परसा केमस्तिचक के पुजारी विकास शर्मा विधि विधान के साथ हवन जप, तप, गायत्री मंत्र का जाप किया उसके उपरांत हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि पर बसने वाले भारी संख्या में बच्चे से लेकर बृद्ध महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप में पहुंचकर हवन, मंत्र जप, मंडप परिक्रमा करने के उपरांत प्रसाद ग्रहण किया फिर संध्याकालीन प्रवचन कर्ता धर्मेन्द्र जी महराज ने 9 कुंडलीय महायज्ञ में मुख्य रूप से गायत्री यज्ञ का उद्देश्य एवं महत्व तथा भारतीय सनातन संस्कृति में जीवन का उद्देश्य तथा परिवार तथा समाज निर्माण की विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि गायत्री दिव्य शक्तियों की जननी है उनमें कितनी शक्तियाँ समाई हुई हैं, आज के समय में तो कोई विरला ही माई का लाल जानता होगा। प्राचीन ऋषि-मुनियों ने अपने-अपने साधनात्मक अनुभव के आधार पर उनकी महिमा का गान किया है। उसी महिमा का जनसाधारण को बोध कराने के लिए परम पूज्य गुरुदेव पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री चालीसा की रचना की है। इस गायत्री चालीसा का नियमित पाठ करने से श्री गायत्री की शक्तियों का ज्ञान होता है। औषधि का गुण-धर्म जानने के पश्चात ही उसका लाभ उठाया जा सकता है। उसी प्रकार भगवती गायत्री की शक्तियों से लाभान्वित होने के लिए उनकी शक्तियों का महत्त्व समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव जीवन अपने माया जाल में पर कर ईश्वर को ध्यान, जप,तप, पुजा पाठ पर ध्यान नहीं देते हैं. वह सुख पाने केलिए ऐसा कर्म करते हैं जिसके कारण वह दुःख पाते है। यह जीवन बहुत बड़ा महत्व है। अपने जीवन को गलत रहन सहन, खान पान केकारण कस्ट होता है। इस प्रवचन में सोनपुर के पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, भोली सिंह, दीपक सिंह, राहुल सिंह, राजीव रंजन, बंटी, ओमनाथ, धीरज सिंह, कन्हाई,कुंदन सिंह, मिंटू सिंह सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## इसुआपुर में तुलसी जयंती को लेकर तैयारियां जोरों पर

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय गांव इसुआपुर स्थित के एस उच्च विद्यालय के परिसर में तुलसी जयंती को लेकर तैयारीयां जोड़ो पर है। तुलसी जयंती समारोह के अध्यक्ष अमरनाथ प्रसाद, सचिव शिक्षक अनिल चौरसिया, उपाध्यक्ष मधु चौबे ने बताया कि यह तुलसी जयंती का 50 वां वर्ष गोल्डन जुबली का वार्षिक समारोह है,जो 18 मार्च को अखंड रामायण पाठ से शुरू किया जाएगा तथा 19 मार्च से लगातार 23 मार्च तक दिवा और रात्रि सत्र में देश के नामी गिरामी कथा वाचक के कार्यक्रम को सुनिश्चित किया गया है। प्रवचन करने के लिए मशहूर राम कथा वाचक अनूप शास्त्री चित्रकूट धाम तथा कथा वाचिका पुष्पांजलि शुक्ला कानपुर के साथ भजन गायक बादल सिंह जौनपुर के कार्यक्रम को रखा गया है। तुलसी जयंती समारोह के सक्रिय सदस्यों में कोषाध्यक्ष पिंटू कुमार, गिरजा शंकर प्रसाद, त्रिभुवन चतुर्वेदी, दीनानाथ गोस्वामी,बृजभूषण पंडित, राजेश सिंह कुशवाहा, मोहन सिंह कुशवाहा, देवी लाल सिंह कुशवाहा, दिलीप चौरसिया,प्रेमनाथ, पंकज गुप्ता, अजय तिवारी, सोनू शर्मा, अभिजीत व अन्य सदस्य हैं।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर की दान पेटी काट कर चोरी

**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर/मांझी।** दाउदपुर थाना क्षेत्र बलेसरा गांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर की दान पेटी काट कर चोरों ने उसमें एकत्र हजारों रुपये की दान राशि की चोरी कर ली। घटना रविवार की रात की बतायी जाती है। मंदिर पुजारी प्रकाश बाबा ने बताया कि रात में करीब 8 बजे तक वे मंदिर पर हीं थे। उसके बाद वे अपने घर पड़ोस के बनियापुर गांव चले गए। सुबह में जब मंदिर की सफाई व पूजा करने पहुंचे तो देखा कि लोहे की दान पेटी को पीछे से काट दिया गया है तथा उसके अंदर श्रद्धालुओं के द्वारा डाले गए दान के एक भी रुपये मौजूद नही है। उसके बाद जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। पुजारी ने बताया कि दान पेटी साल में एक बार खोली जाती है तथा उसमें जमा दान के लगभग 40 से 50 हजार रुपये निकाल कर उसका उपयोग यज्ञ आदि में किया जाता है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस के द्वारा जांच-पड़ताल करने की बात बताई जाती है।

# विधुत अधीक्षण अभियंता को दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा गया

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** सोमवार को राज कुमार सिंह नामक एक युवक ने विद्युत विभाग के विधुत अधीक्षण अभियंता को दर्जनों लोगों का एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर त्वरित कानूनी कार्रवाई की माँग की है। ज्ञापन में कहा है कि माँझी के जेई हरिकृष्ण शरण के संरक्षण में उपकेन्द्र में अपराधियों व शराब तस्करों का जमावड़ा हो रहा है जिससे केन्द्र से सटे कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय की छात्राएं भी सशंकित एवम भयाक्रांत रहती हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि दो फ्रेंचाइजी संचालक अपने गुर्गों के सहारे गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों के साथ बदसलूकी करते हैं जिससे सभ्य समाज में विभाग के प्रति अविश्वास एवम घृणा का माहौल उतपन्न हो गया है। ज्ञापन की प्रतिलिपि ऊर्जा मंत्री तथा सारण के डीएम को भी भेज दी गई हैं। अधीक्षण अभियंता ने मामले को गम्भीर बताते हुए इसकी त्वरित जाँच कर विभागीय स्तर पर कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

बताते चलें कि पिछले दिनों उपभोक्ताओं की शिकायत पर सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने विभाग के वरीय पदाधिकारियों को फोन कर कड़ी फटकार लगाई थी तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इस बीच माँझी के पूर्व जिला पार्षद पंकज सिंह तथा जन सुराज के नेता द्वय उदय शंकर सिंह एवम मुन्ना सिंह भवानी ने मामले को गम्भीर बताते हुए दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है तथा ऐसा नही किये जाने की स्थिति में विद्युत कर्मियों के खिलाफ बृहद आंदोलन की चेतावनी दी है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में हुए कई कार्यक्रम



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए ,इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी की स्पोर्ट्स इंचार्ज सलमा खातून ने सभी खिलाड़ियों के साथ केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया ।इस अवसर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाली खिलाड़ियों को मोमेंटो, अंग वस्त्र तथा माला पहना कर स्वागत किया गया ।वही स्पोर्ट्स अकादमी के निर्देशक संजय पाठक ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय जगत में महिलाओं के सहभागिता को नकारा नहीं जा सकता है आधी आबादी के बिना विश्व विकास की कल्पना नहीं की जा सकती, आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर के अपने परिवार,समाज एवं देश का मन बढ़ा रही है एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है ।इस अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के नन्हे मुन्ने खिलाड़ियों ने नृत्य संगीत प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर एन आई एस कोच रंजीत लकड़ा ,अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू कुमारी, राष्ट्रीय खिलाड़ी चंदा कुमारी ,नीतू कुमारी, निक्की कुमारी, सिमरन परवीन, अंजली कुमारी, अंशु कुमारी सहित एक दर्जन से अधिक राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## दस महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक में सेविका एनजीओ डॉ स्मृति सिन्हा के नेतृत्व में मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन के तहत 10 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। सीएससी के प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि परिवार नियोजन एक व्यक्ति को उसके होने वाले बच्चों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद करता है, और जन्म के बीच की अन्तराल पर निर्णय लेने में मदद करता है। सेविका एनजीओ के डॉ स्मृता सिन्हा व अन्य कर्मी भी मौजूद रहे। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने कहा कि जिले से बंध्याकरण हेतु मिले लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी आशा, एएनएम सहित अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा-निर्देश दिया गया है। महिला बंध्याकरण के लाभार्थी को दो हजार रुपये एवं पुरुष नसबंदी पर तीन हजार रुपये लाभार्थी को दिया जाएगा।

## शेखडुमरी में आग लगने से लाखों का नुकसान

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड केनयागांव थाना क्षेत्र के चतुरपुर पंचायत के शेख डुमरी गांव में विनोद राय के घर अचानक भीषण आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर सोमवार को खाक हो गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते घर में रखा अनाज, कपड़े, एक बाइक, फर्नीचर और 50,000 रुपये के गहने जलकर राख हो गए। इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है और अब उनके पास रहने और खाने तक की समस्या खड़ी हो गई है।घटना की सूचना मिलते ही डायल 101 और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था।

# सबलपुर पश्चिमी पंचायत में आग लगने से आधे दर्जन लोग हुए बेधर

## आग लगने से लाखों रूपये का हुआ नुकसान, प्रशासन केतरफ से नहीं मिला अबतक मदद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर प्रखंड केसबलपुर पश्चिमी पंचायत के पछियारी टोला कुमार घाट वार्ड नंबर 5 में झोपड़ी नूमा मकान में आग लग गई । आग इतनी तेज थी कि जिसके कारण आग केचपेट में 6 घर जलके भस्म हो गए उसके साथ दो बकरी के बच्चा,चौकी कुर्सी, पलंग, कपड़ा, सभी घर कर बर्तन,पंखा,साइकिल ,सिलाई मशीन , जेवरात ,खान पान केसमाग्री सहित नगद रूपये झोपड़ी नूमा मकान रहने के कारण शनिवार को जल कर राख हो गया। समाजसेवी लालबाबू पटेल ने सोमवार को बताया कि अनूप पासवान पिता योगेंद्र पासवान , भुनेश्वर पासवान पिता सगुनी पासवान , हरिहर पासवान पिता बंसी पासवान, मुनेश्वर पासवान पिता सगुनी पासवान पांचू पासवान पिता योगेंद्र पासवान और विक्की पासवान,भुनेश्वर पासवान का घर जलकर राख हो गया है। वहीं खुले आसमान के नीचे बाल बच्चों के साथ पीड़ित सपरिवार रहने को मजबूर हैं । गांव के ही कुछ लोग तिरपाल वगैरह से मदद किया हैं। घर जले दो दिन हो गए फिर भी अभी तक प्रशासन के तरफ से पीड़ित परिवार को किसी तरह का कोई सहायता नहीं मिल पाया है।



# बढ़ते चोरी की घटना की रोकथाम को लेकर पुलिस ने सक्रियता बढ़ाई, रात्रि में चौकीदार और पुलिस रहेंगे भ्रमणशील

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** माँझी थाना क्षेत्र में हाल के महीनों में चोरी की बढ़ रही घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने एक नया प्रयोग शुरू किया है। माँझी के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार ने नए तकनीक की जानकारी देते हुए बताया कि लोग अपने घरों को बंद कर नौकरी करने अथवा काम के सिलसिले में घर मे ताला बंद कर बाहर चले जाते हैं। जिसका लाभ उठाते हुए अपराधकर्मी उनके घर में चोरी की घटना को सहज ढंग से अंजाम दे देते हैं। उन्होंने बताया कि चोरी की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए मांझी पुलिस ने जो अनोखी पहल शुरु की है उसके तहत पुलिस की एक स्पेशल टीम का गठन किया गया है। नवगठित पुलिस टीम क्षेत्र की सुनसान पड़ी गंवई सड़को पर बाइक और चारपहिया वाहनों की औचक जाँच पड़ताल करेगी। रात्रि गश्ती में चौकीदार अपने क्षेत्र में भ्रमणशील है या नही स्पेशल टीम इसकी भी जांच करेगी। ड्यूटी पर तैनात चौकीदारों को उनकी कार्यशैली का आकलन कर उन्हें पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्पेशल टीम द्वारा सादे लिवास में जुआ, ड्रग्स अथवा शराबियों के अड्डो पर औचक छापेमारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाइक पर सवार पुलिस की स्पेशल टीम संकीर्ण रास्तों पर रात में पेट्रोलिंग करेगी तथा बंद घरों पर पैनी नजर रखेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि घर बन्द करके बाहर जाने वाले अपने घर की रखवाली के लिए किसी ब्यक्ति को जिम्मेवारी देकर ही घर से निकलें अथवा जाने से पहले घर के बाहर भीतर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। उन्होंने बताया कि स्पेशल टीम थाना क्षेत्र के सोने चांदी एवम बर्तन आदि के दुकानदारों से सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा चोरी का सामान बेचने के उद्देश्य से आने वालों की सूचना पुलिस को देने की बात कही। श्री कुमार नें साप्ताहिक चौकीदारी परेड के माध्यम से सभी चौकीदारों को आगाह किया कि रात्रि गश्ती के दौरान वे अपने क्षेत्र के अभियुक्तों की पंजी भी साथ रखें। उन्होंने चौकीदारों को वांछित अपराधी के अलावा शराब कारोबारी तथा जमानत पर छूट कर घर आये अपराधियों की पुख्ता जानकारी रखने का भी निर्देश दिया। बताते चलें कि पिछले दो तीन महीनों में चोरों ने लगभग एक दर्जन बन्द घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ा दी है।



# मशरक में 21 अप्रैल से आयोजित श्री रूद्र महायज्ञ को लेकर हुआ ध्वजारोहण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के देवरिया गांव में सोमवार को 21 अप्रैल से शुरू हो रहें 9 दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर ध्वजारोहण किया गया। इसको लेकर आचार्य द्वारिका जी महाराज उर्फ फलाहारी बाबा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान महायज्ञ आयोजन कमेटी के प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, कमलेश तिवारी ,सुरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, मधुसूदन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, शुशील सिंह, मुकुल सिंह शिक्षक, बच्चा सिंह, पवन सिंह, मोनू सिंह, गुड्डू सिंह, छोटू सिंह, उदय सिंह, पुष्पा कुमारी, जीतन सिंह, रामजन्म त्रिपाठी, रवींद्र सिंह, रामनाथ सहनी, हरेन्द्र सिंह, हवलदार सिंह, चंदन सिंह शिक्षक, राजमंगल सिंह समेत अन्य कई ग्रामीण मौजूद रहें। मौके पर आयोजनकर्ताओं ने बताया कि 21 अप्रैल से जलयात्रा , पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, 22 अप्रैल से वेदी पूजन, स्तम्भ पूजन,आरती मंथन और 29 अप्रैल को श्री रूद्र महायज्ञ का पूर्णाहुति एवं भण्डारा से समापन होगा। ध्वजारोपण के पूर्व श्रद्धालुओं ने गांवों के विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचा। जहां स्थापित विभिन्न देवी-देवताओं की विधिविधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई.इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ध्वजारोहण का कार्य संपन्न किया गया। इस दौरान पूरा गांव भक्ति के माहौल में सराबोर रहा। बताया गया कि ध्वजारोहण व भूमि पूजन के साथ महायज्ञ की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

## देशी शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर /दरियापुर।** डेरनी थाना क्षेत्र के रघुनी टोला गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर देशी शराब बेच रहे एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि रघुनी टोला में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष प्रियांका कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने फूलपतियां देवी के पास से 10 लीटर और राज कुमार के पास से 8 लीटर देशी शराब बरामद की। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# पुलिस पर हमला का आरोपी 03 लोग गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थानान्तर्गत ग्राम जैतिया में एक झगड़ा को सुलझाने गए पुलिस गश्ती दल पर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा शुक्रवार को हमला किया गया तथा होली पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न करने का प्रयास किया गया, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गये। गश्ती दल द्वारा तत्काल थानाध्यक्ष, सोनपुर को सूचित किया गया। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष सोनपुर द्वाराअतिरिक्त दल बल केसाथ घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रीत किया एवं कानून केहाथों में लेकर शांति व्यवस्था भंग करने केआरोपी को घटना में शामिल 03 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त बात केजनकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने रविवार को यह भी बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मियों के विरूद्ध पूर्व से कई गंभीर काण्ड दर्ज हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिन पुलिस पर हमला कर घायल किया गया उसका नाम विनय कुमार, सिपाही पप्पू, ब्रजेश कुल 3 लोग घायल हुआ है. गिरफ्तार अभियुकत में मन्टू गोप, बब्लू गोप और राकेश कुमार बताए जा रहें हैं।

## सोनपुर पुरानी गंडक पुल से युवती ने लगाई छलांग, नाविकों ने बचायी युवती की जान

**दैनिक खोज खबर सोनपुर /** घर में किसी भी तरह के छोटी-मोटी बात होने के बाद आत्महत्या करने की उद्देश्य से लोग सोनपुर नए एवं पुराने गंडक पुल पहुंचकर नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा हैयह दोनों पुल आत्महत्या का हब बन गया है। ऐसा ही मामला सोनपुर केपुरानी गंडक पुल के पाया नंबर दो से रविवार शाम एक 18 वर्षीय युवती ने नदी में छलांग लगा दी। रविवार दिन होने केकारण नमामि गंगे घाट पर भीड़ थी। जहां लोगों ने उसे दृश्य को देखा और जोर शोर से चिल्लाया महिला ने नदी में छलांग लगायी है.इतना सुनते ही वहां मौजूद नाविकों ने तुरंत उसे पानी से निकाल लिया। पानी से निकालने केबाद युवती को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। इस घटना केसूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हरिहरनाथ थानाध्यक्ष स्वर्ण सुप्रिया ने बताया कि युवती दिघी क्षेत्र की रहने वाली है। इस घटना की जानकारी उसके परिजनों को दे दी गई जहां घर केपरिजनों ने आकर उसे घर वापस ले गया.नमामि गंगे घाट पर टहलने वाले लोगो ने बताया कि घरेलू वाद विवाद हुआ होगा या प्रेम प्रसंग का मामला होगा ।

**सोनपुर पुलिस ने छेड़खानी और शराब के मामले में कुल दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल: सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने शराब और छेड़खानी के मामले में अलग-अलग जगह पर छापामारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने सोमवार को बताया कि 5 वां महिना 2021 में शराब के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपी शैलेश राय पिता छोटे लाल राय घर चेक अपसेद को गिरफ्तार किया गया जबकि 163क्रो एक युवती केसाथ छेड़खानी करने के मामले में पहाड़ीचक के कलशर कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है. गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी को छपरा जेल भेज दिया गया है।

## फेसबुक पर प्यार, गांव वालों ने मंदिर में कराई शादी

**दैनिक खोज खबर/दाउदपुर (मांझी)।** सोसल प्लेटफार्म मोबाईल फेसबुक पर हुए प्यार को परवान चढ़ने के लिए प्रेमिका के गांव जब प्रेमी पहुंचकर अपने प्रेम का इजहार करना उस वक्त प्रेमी युगल को महंगा पड़ गया जब ग्रामीणों ने प्रेमी एवं प्रेमिका को प्यार का इजहार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया इसके बाद ग्रामीणों ने प्रेमी युगल को पड़कर गांव के मंदिर में परिजनों की रजामंदी पर दोनों की शादी करवा दी। घटना सारण जिले के दाउदपुर थाना क्षेत्र के पिलुई गांव की बताई जाती है घटना के संबंध में बताया जाता है कि सिवान जिले के पचरुखी थाना अंतर्गत आलापुर गांव निवासी संजय मांझी का पुत्र चंदन मांझी को फेसबुक के माध्यम से दाउदपुर थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली एक युवती से प्यार हो गया था अपने प्यार को प्रमाण चढ़ाने के लिए गत रविवार को युवक सिवान से दाउदपुर थाना क्षेत्र के पीलुई गांव पहुंचा हुआ था दोनों प्रेमी एवं प्रेमिका गांव के समीप स्थित नहर के समीप पहुंचकर अपने प्यार का इजहार कर रहे थे इसी दौरान ग्रामीणों ने प्रेमी एवं प्रेमिका को रंगे हाथों पकड़ लिया इसके बाद ग्रामीणों ने प्रेमी युगल को पड़कर गांव ले आए इसके बाद गांव के ही मंदिर में प्रेमी एवं प्रेमिका की सैकड़ो ग्रामीणों की मौजूदगी में शादी करवा दी गई गांव में अचानक हुई इस अनूठी शादी को देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई वहीं ग्रामीणों ने बताया की उक्त युवती की अगले ही महीने शादी होने वाली थी।

## शार्ट सर्किट से आग लगने बाइक समेत तीन लाख की संपत्ति जली

**बड़हरिया (सिवान) :** प्रखंड के सहवाचक गांव में सोमवार की सुबह शार्ट सर्किट से आग लगने से घर में रखी पल्सर बाइक समेत तीन लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़िता जगदीश महतो की विधवा सुनैना देवी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह घर में भोजन बना रही थी तभी घर के समीप स्थित विद्युत पोल से शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। अभी कुछ समझ पाती आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते घर में रखे एक पल्सर बाइक, दो साइकिल, चौकी, बर्तन, बिस्तर, कपड़ा सहित करीब तीन लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। सुनैना देवी ने बताया कि घटना की सूचना अंचलाधिकारी को दी गई है। समाचार प्रेषण तक प्रशासन द्वारा कोई राहत सामग्री उपलब्ध नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सुनैना देवी बहुत गरीब परिवार की है। घटना के बाद सरपंच झगरू यादव, सचिन यादव, दुर्गा गिरि, बीजा कुमार, जमादार यादव, सरदलाल मांझी, मोती मांझी, विनोद पासवान, राजू कुमार, संजय पासवान आदि ने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### चार कुर्की वारंटी गिरफ्तार

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना की गश्त दल ने रविवार की रात विभिन्न गांवों में छापेमारी कर कुर्की के चार वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों में मघरी निवासी धुरंधर राय, सराय पड़ौली निवासी रुन्नू पांडेय तथा खैरवा के नरेश पटेल तथा अवधेश पटेल शामिल है।

# भाजपा नेता मनोज सिंह ने मढ़ौरा विस क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)।** बिहार विधान सभा चुनाव का बिगुल बजने में भले ही अभी देर हैं, लेकिन चुनावी साल में भाजपा के संभावित प्रत्याशी बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार सिंह ने चुनावी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है.शनिवार को भाजपा ने श्री सिंह ने प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया. भाजपा नेता ने प्रखंड के जवईनिया, चंदा, मोथहा, नारायणपुर के कई टोले और दलित बस्तियों में लोगों से जनसंपर्क किया। बुजुर्ग पुरुष और महिला मतदाताओं को अंग वस्त्र से सम्मानित भी किया। विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क के दौरान बैठक करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगी हुई है. सड़क और बिजली के क्षेत्र में एनडीए की सरकार ने अप्रत्याशित कार्य किया है. गांव के के घर भीएअब बिजली पर्याप्त रह रही है. सारण समेत पूरे देश में सड़क मार्ग का जाल बिछाया जा रहा है.हर घर गैस पाइप लाइन से पहुंचाने की दिशा में कार्य प्रगति पर है. आज से 10 साल पहले हमारी माता व बहनों को शाम होने का इंतजार करना पड़ता था. लेकिन अब हर घर शौचालय देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम किया है. किसानों के लिए किसान सम्मान तो बुजुर्गो को भी वृद्धा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है.इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता ललन जयसवाल, भीखम सिंह, राकेश कुमार उजाला, परमेश्वर सिंह, विकाश तिवारी, सुजीत कुमार, राज कुमार प्रसाद, पूर्व सरपंच नंद किशोर महतो, सावलिया महतो, कालीचरण महतो, सुरेश राम, चुन्नीलाल महतो, बिरेंद्र महतो व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहें।

## दो बाइक की आमने सामने टक्कर में एक की मौत, तीन घायल रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के लखनपुर गोलम्बर के पास एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर तेज रफ्तार में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल हो गए वहीं एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी काशीम हुसैन का 35 वर्षीय पुत्र अली हुसैन और घायल मृतक का छोटा भाई 30 वर्षीय अख्तर हुसैन और दूसरे बाइक पर सवार घायल गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव निवासी जलेश्वर प्रसाद का 29 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार और सोनू कुमार की 20 वर्षीय पत्नी साधना कुमारी के रूप में हुई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया वहीं घायलों को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। पानापुर के सेमरी गांव के दोनों भाई बाइक से बकरी खरीद वापस घर जा रहें थे, प्यारेपुर गांव निवासी पति-पत्नी बाइक पर सवार इलाज के लिए जा रहे थे। मृतक शादीशुदा हैं और उसको तीन लड़का और एक लड़की हैं वहीं पत्नी शबाना बीबी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। मामले में जांच पड़ताल कर रहें हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से सड़कों पर बाइक चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी।

## मशरक में बाइक सवार युवकों ने महिला को धक्का दे सोने की चेन छीनी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के मठिया गांव में दरवाजे पर खड़ी महिला से बाइक सवार दो युवकों के द्वारा धक्का दे सोने का चेन छीननें का मामला सामने आया।? पीड़ित मठिया गांव निवासी बेदामी देवी पति स्व शिववचन शर्मा ने बताया कि वह सोमवार की सुबह 10 बजें के लगभग दरवाजे पर खड़ी थी कि उसी दौरान दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और पता पूछने के दौरान धक्का मार गले का सोने का चेन छीन फरार हो गए। मामले में थाना पुलिस को आवेदन दिया गया पुलिस जांच में जुटी है।

## ड्रिल मशीन में करंट आने से मजदूर की मौत

**सिवान।** गोपालगंज जिले के मांझा थाना क्षेत्र के विशंभरपुर गांव में सोमवार की सुबह एक मजदूर की मौत ड्रिल मशीन में करंट आने से हो गई। घायल अवस्था में पीड़ित मजदूर को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृत मजदूर गोपालगंज के लल्लाहदपुर गांव निवासी ओम प्रकाश शर्मा का पुत्र सोनू कुमार शर्मा बताया जाता है। घटना के संबंध में मृत सोनू के पिता ने बताया सोमवार की सुबह विशंभरपुर गांव में एक आरा मशीन है वहीं पर ड्रिल मशीन से कटाई का काम कर रहा था। इस दौरान शार्ट सर्किट के कारण ड्रिल मशीन में करंट आ गया। इसकी वजह से उसे जोरदार करंट लग गया। घटना स्थल से गोपालगंज अस्पताल दूर होने के कारण सिवान सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराई। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## बाइक से गिरकर घायल हुई महिला

**सिवान:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्यामपुर बाजार में सोमवार की दोपहर बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल महिला की पहचान मैरवा निवासी मंजू देवी के रूप में हुई। महिला के पति अमित सिंह ने बताया कि हमदोनों बाइक पर सवार होकर शहर आ रहे थे। तभी बाइक से मंजू गिर गई। इससे वह घायल हो गई।

## विद्यालय से चापाकल की चोरी होने से शिक्षक व बच्चे परेशान

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के रानीबारी स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर से अज्ञात चोरों ने 14 मार्च की रात चापाकल की चोरी कर ली। घटना की जानकारी सोमवार को विद्यालय खुलने पर हुई। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार उपाध्याय ने घटना की सूचना शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं थाना को दी गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि होली की छुट्टी को ले विद्यालय बंद था। इस दौरान चोरों ने चापाकल की चोरी कर ली। सोमवार को विद्यालय खुला तो देखा गया कि विद्यालय परिसर का चापाकल का हेड चोरी कर ली गई है। इस कारण शिक्षक व बच्चों के समक्ष पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बच्चों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिक्षकों ने बताया कि मंदिर परिसर से पानी लाकर बच्चों के लिए एमडीएम बनाया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि घटना की सूचना शिक्षा विभाग को दी गई है।

## एक पिस्टल 16 गोली के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

**महाराजगंज।** मुख्यालय स्थित राजेंद्र चौक के समीप रविवार की शाम पुलिस ने वाहन जांच के दौरान शक के आधार तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान गिरफ्तार बदमाशों के पास एक पिस्टल, 16 गोली बरामद की गई है।बताया जाता है कि पुअनि रजनीकांत के नेतृत्व में पुलिस राजेंद्र चौक पर वाहन जांच कर रही थी। तभी एक बाइक पर सवार तीन युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। तभी पुअनि ने अन्य पुलिस जवानों के साथ पीछा कर तीनों युवकों को दबोच लिया। जब तीनों युवकों की तलाशी ली गई तो उनके पास से एक पिस्टल तथा 16 गोली बरामद की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान जिगरहवां निवासी बादल कुमार सिंह, पीयूष कुमार, विशाल कुमार के रूप में हुई है। तीनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सोमवार को जेल भेज दिया गया।

## तालाब से मिट्टी काटने का आरोप

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के महम्मदा निवासी राजू कुमार ने रविवार को थाना में आवेदन गांव के ही बाबूनाथ राय, बृजेश राय, कमलेश यादव, बाबू राम राय तथा कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध जबरन निजी तालाब से मिट्टी काटने का आरोप लगाया है।प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शिविर में मरीजों की हुई स्वास्थ्य जांच

**महाराजगंज (सिवान) ;** अनुमंडल मुख्यालय स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय में सोमवार को जय प्रभा मेदांता स्पेशियलिटी हास्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाएं दी गई। इसके पूर्व शिविर का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष संगीता देवी, गोरख सिंह महाविद्यालय के अध्यक्ष सह निदेशक प्रो. अभय कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापिका वीणा कुमारी, डा.भुवन, डा.सदाशिव पांडेय, डा.नवनीत, डा. निशु, डा. सुमंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर निदेशक प्रो.अभय कुमार सिंह ने कहा कि आज हमें बहुत खुशी है कि महाराजगंज में पहली बार पटना के बहुत बड़े अस्पताल द्वारा जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आंख, कान, गला, शुगर, हार्ड की जांच की गई। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सैकड़ों लोगों की विभिन्न प्रकार के रोगों की जांच आवश्यक परामर्श दिए गए। शिविर में डा. त्रिपुरारी शरण सिंह, अजय कुमार सिंह, संजय सिंह राजपूत, राहुल सिंह, शैलु यादव, अमरजीत सिंह, प्रो.विजय चौधरी, प्रो.धीरेंद्र सिंह, प्रो.मुरारी सिंह, प्रो.जगदीश चौधरी आदि उपस्थित थे।

## सांसद ने लोकसभा में रेल से संबंधित विभिन्न मामलों को उठाया

**परवेज अख्तर/सीवान।** महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लोकसभा में रेल संबंधी अनुदान मांग वित्त वर्ष 2025-26 पर भारतीय जनता पार्टी के प्रथम वक्ता के रूप में भाग लिया। इस दौरान महाराजगंज लोकसभा अंतर्गत रेल संबंधित विभिन्न मामलों को उठाया तथा सरकार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रिकार्ड स्तर पर करीब 10,066 करोड़ रुपये का आवंटन करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और रवनीत सिंह बिट्टू बधाई के पात्र हैं। सांसद ने विशेष रूप से बिहार के लिए वर्तमान आम बजट में रेल संबंधी परियोजनाओं के लिए की गई व्यवस्था का विवरण देते हुए विशेष रूप से प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्य बिहार और बिहार की जनता के लिए ऐतिहासिक और बहुत बड़ी सौगात है, इससे बिहार की जनता को बहुत लाभ मिलेगा। छपरा जंक्शन से जलालपुर, बनियापुर, भगवानपुर, मोहम्मदपुर होते हुए देश के बापू महात्मा गांधी के कर्मस्थली मोतिहारी तक नए रेलवे लाइन का निर्माण, सिवान- दारौंदा- महाराजगंज-मशरख होते हुए पटना के लिए नमों भारत एवं डीएमयू ट्रेन चलाई जाए, गोरखपुर से सिवान, एकमा, छपरा होते हुए पाटलिपुत्र/पटना वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए, एकमा के पूर्वी ढाला पर ओवरब्रिज का निर्माण आदि मांग शामिल हैं।

## दुष्कर्म के मामले में एफएसएल टीम ने की जांच

**सिसवन (सिवान) :** थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के मामले में सोमवार को एफएसएल की टीम ने जांच की। टीम की सदस्य रत्ना राभा के साथ महिला थाना की एसआइ भारती कुमारी द्वारा जांच के लिए आवश्यक अनुसंधान संबंधित साक्ष्य बरामद किए गए। इस दौरान टीम ने विभिन्न बिंदुओं पर जांच की। इस मौके पर सिसवन थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, एसआइ राजकुमार पासवान सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# दरौली: चूल्हे की उड़ी चिंगारी से लगी आग, दस घर जलकर राख

**परवेज अख्तर/सीवान** दरौली प्रखंड के डुमरहर में रविवार की देर शाम चूल्हे से उड़ी चिंगारी से हुई अगलगी में 10 घर जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के घंटों प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। इस घटना में करीब 10 लाख की संपत्ति नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बताया जाता है कि रविवार की देर शाम किसी घर के चूल्हे से निकली चिंगारी से ही आग लग गई। अभी स्वजन कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते आसपास की 10 घरों को अपने आगोश में लिया। आग लगने के बाद काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा आग बुझाने में जुट गए। आग की भयावहता को देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना बीडीओ दीप्ति शिखा, सीओ विद्याभूषण भारती, थानाध्यक्ष रौशन कुमार और प्रमुख शांति देवी को दी। घटना के कुछ देर बाद अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने में जुट गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता है घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, साइकिल समेत करीब 10 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई।इस अगलगी के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश हैं। इस घटना के बाद महिलाओं के रोने की आवाज सुनाई रही थी। पीड़ितों में ज्योति देवी, शांति देवी, रमावती देवी, सरोज देवी, ज्ञांती देवी, मुन्नी देवी, रुचि देवी, शैलेश राजभर आदि शामिल हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि 10 घरों में करीब 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जली है। इसमें 50 हजार रुपये नकद, आभूषण, कपड़ा, बर्तन, अनाज, लकड़ी, कागजात आदि शामिल हैं। वहीं घटना की सूचना प्रशासन को दी गई है। वहीं सीओ विद्याभूषण भारती का कहना था कि सूचना मिलने के बाद राजस्व निरीक्षक और कर्मचारी को मौके पर भेजा गया है। मामले की जांच कर पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता प्रदान कर दी जाएगी।

## दो कुर्की जब्ती वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

आसांव थाना की पुलिस ने तियर व महम्मदपुर गांव में रविवार की देर संध्या छापेमारी कर दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।पूछताछ के बाद गिरफ्तार दोनों आरोपी को सोमवार की दोपहर सिवान जेल भेज दिया है।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजशेखर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान तियर गांव निवासी राजू सिंह व महम्मदपुर गांव निवासी प्रदीप सिंह के रूप में हुई है।दोनों के खिलाफ न्यायालय से कुर्की जब्ती का वारंट जारी किया गया था।

## रक्तदान शिविर में दिखा उत्साह

**मैरवा( सिवान) :** सर्वेश्वरी समूह मैरवा शाखा के नौका टोला स्थित आश्रम परिसर में सोमवार को रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक सिवान के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।इस एक दिवसीय रक्तदान शिविर में सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों समेत बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र के युवाओं ने रक्तदान करने को लेकर उत्साह दिखाया। इनमें अभिजीत कुमार, सिद्धार्थ रवि कुमार, वरुण कुमार, मनीष सोनी, दीपक श्रीवास्तव, विवेक सोनी, मनीष जायसवाल, गौतम जायसवाल, ऋषिकेश कपूर कुशवाहा, विमलेश ठाकुर, सत्यम जयसवाल ,आशुतोष बहादुर ,विजय गुप्ता, मैनेजर सिंह, राजन कुमार समेत कई लोग शामिल थे।शिविर के आयोजन में डॉक्टर सुनील कुमार ,आशुतोष बहादुर सिंह, नीरज कुमार, कृष्ण कुमार बरनवाल, विजय गुप्ता समेत कई लोग सक्रीय दिखे।

## हुसैनगंज: भूमि विवाद में 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप

**परवेज अख्तर/सीवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हुसैनगंज बाजार निवासी सुनील कुमार सोनी ने 15 मार्च को थाना में आवेदन देकर मड़कन निवासी इरशाद अनवर एवं उनके सहयोगियों पर भवन निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न करने, धमकी देने एवं 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि मैंने टेढ़ीघाट के पास बैनामा जमीन खरीदी है, जिस पर निर्माण कार्य हो रहा था। इसी बीच चार मार्च को निर्माण कार्य के दौरान मड़कन निवासी इरशाद अनवर चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों के साथ पहुंचकर निर्माण कार्य को रोक दिया एवं गाली गलौज करने लगा। जब मना किया तो उनके द्वारा निर्माण के एवज में 10 लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई, रुपये देने से इन्कार करने पर धमकी दी गई। सुनील कुमार ने बताया कि उनके पास पूर्व से उक्त व्यक्ति द्वारा गाली गलौज किए जाने का काल रिकार्डिंग भी है। इस मामले थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं इरशाद अनवर ने आरोप को निराधार बताया है।-

## चैता गाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, 16 नामजद

**हुसैनगंज (सिवान) :** थाना क्षेत्र के हथौड़ी में 14 मार्च की देर शाम चैता गाना गाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। इसमें कुल 16 लोगों को नामजद किया गया है। एक पक्ष के रामप्यार चौधरी ने आरोप लगाया है कि मेरे पट्टीदार मुझे व मेरे भाई के साथ मारपीट कर रहे थे। जब इसका विरोध किया गया तो दूसरे पट्टीदार की तरफ करीब 10 लोग आकर लाठी- डंडा से मारपीट करने लगे। बीच बचाव के दौरान मेरे स्वजनों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। सभी घायलों का उपचार सदर अस्पताल में कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष से रामनाथ चौधरी ने आरोप लगाया है कि जब वो अन्य लोगों के साथ होली की संध्या चैता गाते हुए अपने पट्टीदार के दरवाजे के पास पहुंचे तो उन्होंने गाने से मना कर दिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। सभी घायलों का इलाज के लिए हुसैनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से बेहतर उपचार के लिए चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मिले आवेदन के आधार पर 16 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## शतचंडी महायज्ञ को निकली कलश यात्रा, वातावरण हुआ भक्तिमय

**गुठनी (सिवान) :** प्रखंड के ओदिखोर में आयोजित शतचंडी महायज्ञ को ले सोमवार को हाथी-घोड़ व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से आरंभ होकर केल्हरुआ, चित्ताखाल, गुठनी चौराहा, गुठनी बाजार होते छोटी गंडक नदी स्थित गोला घाट के समीप पहुंची जहां गंगा पूजन के बाद जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां भगवान गणेश की पूजा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ के मुख्य आयोजनकर्ता लकड़ीहवा बाबा ने बताया कि महायज्ञ की पूर्णाहुति 25 मार्च को होगी। महायज्ञ के दौरान हवन पूजा के अलावा वृंदावन की रासमंडली द्वारा दिन में रामलीला और रात्रि में कृष्णलीला का मंचन किया जाएगा। यज्ञाचार्य पंडित रंजीत तिवारी ने कहा कि महायज्ञ का आयोजन जगत कल्याण के लिए होता है, ऐसे यज्ञों का बहुत बड़ा महत्व होता है। इस विशाल आयोजन में अयोध्या से पधारे कथावाचक आचार्य अनूप कुमार पांडेय द्वारा प्रतिदिन शाम छह बजे से आठ बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। महायज्ञ को सफल बनाने में पूर्व मुखिया हरिवंश रजक, बसंत शर्मा, कमलेश गुप्ता, अवध किशोर शर्मा, राधामोहन पासवान, रामेश्वर शर्मा, अनिकेत शर्मा उर्फ छोटू, भग राशन भगत, मनोज सिंह, रमेश पटेल आदि शामिल हैं।

## सात वर्षीय मासूम आयत जहरा ने रखा रोजा

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड के हुसैनगंज निवासी मुंतजिर इमाम एवं शालू फातिमा की सात वर्षीया पुत्री आयत जहरा रमजान के पाक महीने में रोजा रख कर मिसाल पेश कर रही है। इतनी कम उम्र में रोजा रखने पर लोग उसका हौसला व जज्बे की चर्चा कर रहे हैं। स्वजनों ने बताया कि आयत जहरा ने अपनी जिद और अल्लाह की इबादत के लिए खुद ही रोजा रखने की इच्छा जताई। पहले दिन भूख एवं प्यास से तिलमिला गई थी, तो परिवार वालों ने उसका हौसला बढ़ाया और इफ्तार के समय पूरे परिवार ने साथ मिलकर दुआ की। आयत जहरा के इस नेक काम की चर्चा पूरे मोहल्ले में हो रही है। मोहल्ले के लोग भी उसकी हिम्मत और जज्बे की सराहना कर रहे हैं। आयत जहरा ने बताया कि रमजान के पवित्र महीने में रोजा रखने से उसे काफी मिल रही है।

## बाइक सवार युवकों ने भाई-बहन को मारपीट कर किया घायल

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रगड़गंज अंडरपास में सोमवार को बाइक सवार दो युवकों ने भाई-बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों का उपचार महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।बताया जाता है कि जामो निवासी नीरज कुमार बालबंगरा में अपनी बहन के घर आए थे। सोमवार को अपनी बहन प्रिया कुमारी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। वे जैसे ही रगड़गंज अंडरपास के समीप पहुंचे एक बाइक पर सवार दो युवक उन्हें घेर लिए तथा मारपीट करने लगे। इस दौरान बदमाशों ने नीरज कुमार के सिर पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। इस दौरान प्रिया कुमारी को भी चोटें आई। इस दौरान भाई-बहन द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित होते तब तक दोनों युवक फरार हो गए।

## चैनपुर व आंदर थाना का निरीक्षण, दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

**परवेज अख्तर/सीवान।** एसपी ने सोमवार को चैनपुर एवं आंदर थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अपराध पर नियंत्रण करने, रात्रि गश्त तेज करने, लंबित मामले का अविलंब निष्पादन करने संबंधित कई दिशा निर्देश दिए।जानकारी के अनुसार एसपी चैनपुर थाना पहुंच कार्यों का जायजा लिया। एसपी ने थाना पहुंचते ही थाना कार्यालय में आवेदन देने आए लोगों से बातचीत की। उन्होंने थाना परिसर में चारों तरफ घूमकर मालखाना, साफ - सफाई का जायजा लिया। वे करीब दो घंटे तक लंबित कांडों की समीक्षा की। थानाध्यक्ष को फरार आरोपितों की गिरफ्तारी, अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस गश्त सहित अन्य निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में हुए हत्याकांडों व संगीन मामलों की भी गहन समीक्षा की और इससे संबंधित अद्यतन जानकारियां लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर इंस्पेक्टर अब्दुल मजीद, थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिन्हा समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं एसपी द्वारा आंदर थाना का भी निरीक्षण किया गया। एसपी को थाना पहुंचते ही पुलिस पदाधिकारियों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना में संधारित विभिन्न अभिलेखो, तख्तियों, दस्तावेजों एवं लंबित कांडों के निष्पादन की स्थिति का गहन अवलोकन कर थाना में कार्यों की प्रगति और कांडों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मैरवा एसडीपीओ चंदन कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी ऋषभ आनंद, निशांत कुमार, थानाध्यक्ष पप्पन कुमार, समेत दर्जनों कर्मी उपस्थित थे।

### आर्म्स एक्ट में फरार आरोपित गिरफ्तार

**सिवान।** नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आर्म्स एक्ट में फरार एक आरोपित को गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के एकडेरवा से गिरफ्तार कर लिया। वह छह साल से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपित गोपालगंज जिला के थावे थाना क्षेत्र के एकडेरवा निवासी बड़े मिया उर्फ जावेद है। पुलिस उसे पूछताछ के बाद जेल भेजा दिया। इस मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि आर्म्स एक्ट में फरार आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया था। टीम में एसआई संजीव सुमन सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर रविवार की रात्रि गोपालगंज जिला के थावे थाना क्षेत्र के एकडेरवा में छापेमारी की गई। इस दौरान लगभग छह वर्षो से फरार आर्म्स एक्ट में नामजद अभियुक्त एकडेरवा निवासी बड़े मिया उर्फ जावेद को गिरफ्तार कर लिया गया।

## जदयू कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**जीरादेई (सिवान) :** जीरादेई विधानसभा क्षेत्र के ठेपहां स्थित एक मैरेज हाल में सोमवार को जदयू कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह ने की। इस मौके पर जिला संगठन प्रभारी प्रमोद पटेल एवं जीरादेई विधानसभा प्रभारी पशुपतिनाथ पटेल ने जदयू कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए जन-जन से संपर्क स्थापित करने तथा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही जनता की समस्या के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से मिलकर उसके निष्पादन में सहयोग करने की अपील की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा से ही सामाजिक परिवर्तन संभव है। उन्होंने बताया कि बिहार सरकार विद्यालयों को सुव्यवस्थित करने तथा शिक्षा की गुणवत्ता के लिए कृतसंकल्पित है तथा बिहार में निर्माण का कार्य अनवरत जारी है। उन्होंने बताया कि छात्र एवं छात्राओं को स्वच्छ वातावरण मिले, इसके लिए बिहार के सभी विद्यालयों की चारदीवारी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं में शिक्षा का अनुपात अधिक हो इसके लिए सभी वर्ग के छात्राओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है तथा नकद राशि देकर उच्चतर शिक्षा के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। जदयू नेता दुर्गा प्रताप उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि विकास ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है तथा विकास की किरण जन- जन तक जाए इसके लिए बिहार के मुखिया नीतीश कुमार सदैव प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि बिहार में शिक्षा का स्तर ऊंचा हो इसके लिए सरकार शिक्षा व्यवस्था में प्रभावकारी परिवर्तन की है। मौके पर मोहन राजभर, राजकुमार ठाकुर, मनोरंजन उर्फ पिंटू श्रीवास्तव, संतोष कुमार, मदन बैठा, संतोष बांसफोड़, सुरेश खरवार, पीएन सिंह, शिवजी यादव, अमित कुशवाहा, शिबू सम्मी, लालबाबू प्रसाद, संजय सिंह, श्रीराम चौहान, कन्हैया राजभर सहित सभी पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

## मेहरोना चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान गुठनी के युवक ने पुलिस से किया हाथापाई

**परवेज अख्तर/सीवान** गुठनी थाना क्षेत्र के बिहार यूपी बॉर्डर पर यूपी के मेहरौना चेक पोस्ट पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब वाहन चेकिंग के दौरान गुठनी के लक्ष्मीपुर गांव के बाइक सवार युवक पुलिस टीम से भिड़ गए। घटना सोमवार के शाम की बताई जाति है, लोगों की मानें तो लार थाना क्षेत्र के मेहरौना बॉर्डर पर पुलिस रोज की तरह वाहन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान लार की तरफ से गुठनी के लक्ष्मीपुर गांव के तीन लोग एक ही बाइक पर सवार होकर चेक पोस्ट पर पहुंचे। पुलिस ने रोक कर इनसे जांच पड़ताल करने हेतु पूछताछ करने लगी। इसी दौरान बाइक सवार और पुलिस से कहासुनी होने लगी। कहासुनी के साथ साथ बात बढ़ती गई और पुलिस जब तक मामले को समझती तब तक हाथापाई शुरू हो गई। मामला इस कदर बिगड़ गया कि दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे। इस दौरान मौका पाकर अराजक तत्वो ने बगल की पेंचर की दुकान से धारदार औजार उठा लिए। इस दौरान हमलावरों ने चाकूसे भी हमला कर दिया गया जिसमें मेहरौना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा समेत अन्य कॉन्स्टेबल पर बाइक सवार टूट पड़े। पुलिस पर हमला होते देख आसपास के लोग भी बचाव में आ गए। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है। जिसमे एक बाइक भी जब्त की गई है। गिरफ्तार युवक गुठनी के लक्ष्मीपुर गांव निवासी स्व त्रिवेडी मिश्रा का पुत्र उपेन्द्र मिश्रा, गोपाल मिश्रा का पुत्र कमलेश मिश्रा और पंकज मिश्रा, उपेन्द्र मिश्रा का पुत्र अमरेश मिश्रा शामिल है। इस सम्बंध में लार थानाध्यक्ष उमेश बाजपेयी ने बताया कि जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

## मकान से दो लाख की संपत्ति की चोरी

**हसनपुरा (सिवान) :** एमएच नगर थाना के पीछे महज 150 मीटर की दूरी पर स्थित एक बंद मकान से 15 मार्च की रात चोरों ने दो लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। इस घटना की जानकारी गृहस्वामी अरंडा निवासी जगदीश साह को रविवार की सुबह हुई। बताया जाता है कि जगदीश साह परिवार के साथ आंदर में रहते हैं। रविवार की सुबह पीड़ित के चचेरा भाई दिनेश कुमार साह ने मकान का दरवाजा टूटा देख घटना की सूचना दूरभाष से उनके स्वजनों को दी। सूचना मिलते ही जगदीश साह अपने घर पहुंच घटना को देख रंग रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि थाना से महज 150-200 मीटर की दूरी पर चोरी की घटना पुलिस के लिए चुनौती है। हालांकि पीड़ित द्वारा स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन दिया गया है। इसमें नकद, कपड़ा व आभूषण सहित करीब दो लाख की संपत्ति चोरी होने का जिक्र किया गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन पर मामले की जांच की जा रही है।

### दारौंदा: खालिद के हत्यारों की गिरफ्तारी शीघ्र, छापेमारी जारी

**परवेज अख्तर/सीवान** दारौंदा थाना क्षेत्र के बगौरा पुरानी बाजार में 14 मार्च की रात जन्म दिन पार्टी के दौरान गांव के ही मोहम्मद खालिद की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस मामले में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि हत्या मामले में सभी आरोपित की पहचान कर ली गई है। दो से तीन दिनों में सभी आरोपित पुलिस गिरफ्त में होंगे। फिलहाल पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मोबाइल का सीडीआर निकाला जा रहा है। इसके माध्यम मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। वहीं पुलिस एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच कई नमूने एकत्रित किए।

मो.खालिद की हत्या के बाद पुलिस प्रशासन भी हत्या से संबंधित सुराग हासिल करने प्रयास में जुट चुकी है। वहीं पुलिस जांच के क्रम में एफएसएल की टीम को घटनास्थल पर ले गई। टीम ने सुराग हासिल करने के लिए कई नमूने भी लिए। एसडीपीओ महाराजगंज राकेश कुमार रंजन ने घटनास्थल पर पहुचकर आस-पास लोगों से घटना संबंधी जानकारी लेते हुए जांच की। उन्होंने परिजनों से भी घटना को लेकर जानकारी ली।

### विद्यालय से चापाकल की चोरी होने से शिक्षक व बच्चे परेशान

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के रानीबारी स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर से अज्ञात चोरों ने 14 मार्च की रात चापाकल की चोरी कर ली। घटना की जानकारी सोमवार को विद्यालय खुलने पर हुई। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार उपाध्याय ने घटना की सूचना शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं थाना को दी गई है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि होली की छुट्टी को ले विद्यालय बंद था। इस दौरान चोरों ने चापाकल की चोरी कर ली। सोमवार को विद्यालय खुला तो देखा गया कि विद्यालय परिसर का चापाकल का हेड चोरी कर ली गई है। इस कारण शिक्षक व बच्चों के समक्ष पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बच्चों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिक्षकों ने बताया कि मंदिर परिसर से पानी लाकर बच्चों के लिए एमडीएम बनाया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि घटना की सूचना शिक्षा विभाग को दी गई है।

## तीन दिन पूर्व जानलेवा हमला में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत,थाने पर प्रदर्शन

**परवेज अख्तर /सिवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के घुरघाट गांव के समीप स्टेट हाईवे के समीप तीन दिन पूर्व धारदार हथियार से हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गयी. पटना में इलाज के दौरान मौत के बाद शव लेकर पहुंचे परिजनों ने सिसवन थाने के सामने प्रदर्शन कियाप्रदर्शनकारी आरोपी युवकों पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे.

प्राप्त विवरण के अनुसार सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के हिमादपुर बीन टोला निवासी 19 वर्षीय अरूण कुमार पर 14 मार्च को रात आठ बजे धारदार हथियार से घुरघाट के समीप तीन युवकों ने हमला कर दिया. जिससे अरुण वहां हमले में अचेत हो गया. यहां से स्थानीय लोगों ने इलाज के लिये सिसवन स्थित रेफरल अस्पताल पर ले गये. जहां चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिये रेफर कर दियाहां भी सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने हालत बिगड़ते देख पटना पीएमसीएच के लिये रेफर कर दिया. जहां प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान अरूण की मौत हो गयी.जहां से परिजन शव को लेकर सीधे सिसवन थाने पर पहुंचेहां परिजन हमलावरों के गिरफ्तारी की मांग करने लगे.पुलिस ने हस्तक्षेप कर जल्द मुकदमे की कार्रवाई का आश्वासन देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दीघटना के दौरान बाइक पर साथ में थी उसकी प्रेमिका घटना के संबंध में बताया जाता है कि अरुण अपनी प्रेमिका को बाइक पर बैठाकर सीवान की तरफ जा रहा थाइस दौरान ही घुरघाट गांव के समीप यह वारदात हुयीइस मामले में पुलिस मृतक के प्रेमिका से भी पूछताछ कर रही हैयुवती ने ही पुलिस को वारदात के बारे में बताया कि तीन लोग बाइक से सवार होकर आये व लोहे के राड से अरुण के सिर पर हमला कर दियाइस पूरे घटना के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आ रहा है.थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आवेदन के आधार पर जल्द ही मुकदमे की कार्रवाई की जायेगी।

## मैरवा: ट्रेन के आगे कूद गई प्रेमी से नाराज प्रेमिका

**परवेज अख्तर/सीवान** / मैरवा रेलवे स्टेशन पर रविवार को अपने प्रेमी की किसी बात से नाराज होकर जान गंवाने की नीयत से एक प्रेमिका ट्रेन के आगे कूद गई। हालांकि उसकी जान बच गई। घायल युवती को आरपीएफ और जीआरपी ने स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचाया। बाद में चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवती गोपालगंज के बरौली क्षेत्र की है।बताते हैं कि गोपालगंज के बरौली की एक युवती मैरवा रेलवे स्टेशन पर बहुत देर से बैठी थी। तब किसी को भी उसके इरादे की भनक तक नहीं लगी थी। बिहार संपर्क क्रांति जैसे ही रेलवे स्टेशन पर पहुंची वह ट्रेन के आगे कूद गई। हालांकि उसकी जान बच गई। लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना को देख रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक और दो पर मौजूद यात्री वहां एकत्रित हो गए। आरपीएफ और जीआरपी भी वहां पहुंच गई। लोगों की सहायता से उसे रेलवे ट्रैक के पास से उठाकर रेफर अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि उसके सिर में गंभीर चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि युवती अपने प्रेमी से किसी बात को लेकर नाराज होने के बाद जान त्यागने की नीयत से ट्रेन के आगे कूद गई थी। हालांकि युवती से पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बड़हरिया :हमला करने के मामले में 16 नामजद, तीन गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान** बड़हरिया थाना क्षेत्र के इजमाली गांव में रविवार को चौमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चंदा मांगने जा रहे हनुमान भक्तों पर कुछ शरारती तत्वों ने हमला कर दिया था। इस मामले में गोपालगंज के मीरगंज थाना के बदरजीमी निवासी मंटू बैठा ने थाना में आवेदन देकर 16 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। गिरफ्तार लोगों में इजमाली निवासी मेराज, मुमताज आलम, मो.हुसैन शामिल हैं। वहीं एसपी के निर्देश पर सदर एसडीओ सुनील कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी इजमाली गांव पहुंचकर घटना की जायजा ले कई बिंदुओं पर जांच की। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस मामले में तीन युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर छापेमारी की जा रही है। शीघ्र सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शार्ट सर्किट से आग लगने बाइक समेत तीन लाख की संपत्ति जली

**बड़हरिया (सिवान) :** प्रखंड के सहवाचक गांव में सोमवार की सुबह शार्ट सर्किट से आग लगने से घर में रखी पल्सर बाइक समेत तीन लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़िता जगदीश महतो की विधवा सुनैना देवी ने बताया कि सोमवार की सुबह वह घर में भोजन बना रही थी तभी घर के समीप स्थित विद्युत पोल से शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। अभी कुछ समझ पाती आग विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते घर में रखे एक पल्सर बाइक, दो साइकिल, चौकी, बर्तन, बिस्तर, कपड़ा सहित करीब तीन लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। सुनैना देवी ने बताया कि घटना की सूचना अंचलाधिकारी को दी गई है। समाचार प्रेषण तक प्रशासन द्वारा कोई राहत सामग्री उपलब्ध नहीं कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सुनैना देवी बहुत गरीब परिवार की है। घटना के बाद सरपंच झगरू यादव, सचिन यादव, दुर्गा गिरि, बीजा कुमार, जमादार यादव, सरदलाल मांझी, मोती मांझी, विनोद पासवान, राजू कुमार, संजय पासवान आदि ने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### बाइक से धक्का लगने से भाई-बहन घायल, रेफर

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** थाना क्षेत्र के चक्रवृद्धि मोड़ के समीप सोमवार को साइकिल से विद्यालय जा रहे भाई- बहन बाइक से धक्का लगने से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान अरुआ निवासी बंदा राम के पुत्र पवन कुमार और पुत्री मुस्कान कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पवन कुमार एवं मुस्कान कुमारी एक ही साइकिल पर सवार होकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगवानपुर में वार्षिक परीक्षा देने जा रहे थे। तभी सामने से तेज गति से आ रही बाइक ने अनियंत्रित होकर उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए तथा उनकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद बाइक चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से घायल भाई-बहन को एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी होते स्वजन भी अस्पताल पहुंचे गए। इस दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एकत्रित हो गई। स्वजनों ने बताया कि दोनों कक्षा छह की परीक्षा देने उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगवानपुर जा रहे थे। समाचार प्रेषण तक बाइक चालक की पहचान नहीं हो सकी थी।

## दारौंदा: बाइक सवार युवकों ने भाई-बहन को मारपीट कर किया घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र के रगड़गंज अंडरपास में सोमवार को बाइक सवार दो युवकों ने भाई-बहन को मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों का उपचार महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया।बताया जाता है कि जामो निवासी नीरज कुमार बालबंगरा में अपनी बहन के घर आए थे। सोमवार को अपनी बहन प्रिया कुमारी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। वे जैसे ही रगड़गंज अंडरपास के समीप पहुंचे एक बाइक पर सवार दो युवक उन्हें घेर लिए तथा मारपीट करने लगे। इस दौरान बदमाशों ने नीरज कुमार के सिर पर चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया। इस दौरान प्रिया कुमारी को भी चोटें आई। इस दौरान भाई-बहन द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित होते तब तक दोनों युवक फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों का उपचार महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। घायल नीरज कुमार ने बताया कि हमला करने वाले युवक की पहचान कर लिया है। उसने घटना के कारण से इन्कार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि बहन- भाई को मारपीट मामले की सूचना मिली है। इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच चल रही है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शादी की नीयत से युवती का अपहरण

**सिसवन (सिवान) :** चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नीयत से एक युवती का अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अपहृता के मां ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। उसने आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री खरीदारी करने बाजार गई थी। जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटी तो स्वजनों को चिंता हुई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।